Seat No. : _______________

# MC-133

**March-2019**

**B.A., Sem.-V**

**CC-302 : Hindi**

**(भाषा और लिपि)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।

(2) निम्नलिखित प्रश्न 1 और 2 (ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न 3 और 4(ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक-दो वाक्य में दीजिए ।

1. (अ) भाषा की प्रमुख परिभाषाएँ देकर उसका स्वरूप स्पष्ट कीजिए । **14**

**अथवा**

भारोपीय परिवार के नामकरण की चर्चा करते हुए उसकी शाखाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ब) (1) द्रविड़ परिवार का मुख्य प्रदेश भारत की किस दिशा में पड़ता है ? **4**

(a) उत्तर (b) दक्षिण

(c) पूर्व (d) पश्चिम

(2) द्रविड़ परिवार की भाषाओं में किस भाषा का दखल अभी भी काफी मात्रा में है ?

(a) अंग्रेजी (b) हिन्दी

(c) संस्कृत (d) फारसी

(3) किस विद्वान ने भारोपीय परिवार का मूल स्थान यूराल पर्वत के दक्षिण पूर्व में किरगीज़ के मैदानी भागों को माना है ?

(a) ग्रियर्सन (b) ब्रान्देश्ताइन

(c) गार्सां-द-तासी (d) हार्नले

(4) भारोपीय परिवार को 'संस्कृत' परिवार क्यों कहा गया ?

(5) भारोपीय की मुख्य शाखाएँ सतम् – केन्तुम् के वर्गीकरण में 'सतम' 'केन्तुम्' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(6) द्रविड़ परिवार की गौण भाषाओं के नाम लिखिए ।

2. (अ) वैदिक और लौकिक का विस्तृत परिचय देकर उनका साम्य-वैषम्य बनाइए । **14**

**अथवा**

हिन्दी की उपभाषाएँ एवं बोलियों का परिचय दीजिए ।

(ब) (1) वैदिक भाषा किस प्रकार की भाषा है ? **4**

(a) गद्यात्मक (b) छन्दोबद्ध

(c) नाट्यात्मक (d) अछान्दस्

(2) लौकिक संस्कृत को यह भी कहा जाता है

(a) देवभाषा (b) पहले की भाषा

(c) अपभ्रंश (d) प्राकृत

(3) 'दीपबंस' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(a) बुद्धवचन (b) दीपों का वंश

(c) दीपों का महत्त्व (d) दीपावली

(4) हार्नले के अनुसार आर्य भारत में कितनी बार में आए ?

(5) 'पालि' का मूल स्थान कौन सा है ?

(6) गुजराती भाषा में जिस लिंग-व्यवस्था को मान्य रखा गया है – उनके नाम लिखिए।

3. (अ) हिन्दी के शब्द-समूह का सोदाहरण – विस्तृत परिचय दीजिए। **14**

**अथवा**

हिन्दी के नामकरण की चर्चा करके हिन्दी भाषा के विकास की रूपरेखा सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ब) (1) 'उर्दू' शब्द का वास्तविक अर्थ क्या था ? **3**

(a) भाषा (b) पड़ख-खेमा

(c) रहन-सहन (d) धार्मिक साहित्य

(2) 'हिन्दुस्तानी' को 'कौरवी' एवं व्यापक बोलचाल की उत्तर भारत की भाषा किस विद्वान ने कहा है ?

(a) भोलानाथ तिवारी (b) गार्सां-द-तासी

(c) ग्रियर्सन (d) जॉन गिलक्रिस्ट

(3) विकारी और अविकारी शब्द किस आधार पर होते हैं ?

(a) उद्गम के आधार पर (b) बनावट के आधार पर

(c) रूपान्तर के आधार पर (d) व्युत्पत्ति के आधार पर

(4) देशज शब्द किसे कहा जाता है ?

(5) प्रारंभ में देवनागरी के साथ-साथ हिन्दी और किस लिपि में लिखी गई ?

4. (अ) देवनागरी लिपि के उद्भव और विकास को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए। **14**

**अथवा**

देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता की चर्चा करते हुए उसके गुण-दोष सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ब) (1) वर्तनी का सीधा सम्बन्ध किससे है ? **3**

(a) लिपि से (b) मात्राओं से

(c) भाषागत ध्वनियों के उच्चारण से (d) बलाघात से

(2) मराठी के किस ध्वनि चिह्न को देवनागरी में अपनाने का सुझाव है, पर अभी अपनाया नहीं गया है ?

(a) ळ (b) ज़

(c) त्स (d) फ

(3) दायें से बायें लिखी जानेवाली लिपि का नाम बताइए।

(4) महाराष्ट्र में देवनागरी को किस नाम से जाना जाता है ?

(5) हिन्दी की वर्तनी में अरबी-फारसी के नुक्ते वाले चिह्नों को किस रूप में स्वीकार किया गया है ?

___________